an>

title: Regarding closure of schemes of Bin Laden Group in Saudi Arabia.

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द) : महोदय, आतंकी सरगना ओसामा बिन लादेन के पिता की कंस्ट्रक्शन कंपनी सऊदी बिन लादेन ग्रुप द्वारा निर्मित की जा रही परियोजनाएं वहां की सरकार द्वारा बंद कर दी गई हैं और इस वजह से ग्रुप तंगी से गुजर रहा है। फलस्वरूप कंपनी ने करीब 70 हजार कामगारों को नौकरी से निकाल दिया है। इनमें से आधे से ज्यादा कामगार भारतीय हैं और उनमें से भी 25,000 लोग राजस्थानी हैं। इन सभी कामगारों को पिछले आठ महीनों से वेतन भी नहीं दिया गया है, जिसके कारण कामगारों में भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। अब कंपनी ने सभी कामगारों का एक्जिट वीजा भी जारी कर दिया है। कंपनी को कामगारों के करीब 4394 करोड़ रुपये (660 मिलियन डालर) के वेतन का भुगतान करना है, लेकिन ऐसा करने में कंपनी ने अपनी असमर्थता जताई है। कंपनी के इस रवैये से कामगारों की हालत गंभीर बन गई है।

अतः आपके माध्यम से मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि इस विकट परिस्थिति में सरकार अपने स्तर पर सऊदी सरकार से सम्पर्क कर इन मुसीबतों में फंसे कामगारों को सहायता प्रदान करवाये।

मान्यवर, कल भी यह विÂषय यहां पर हमारे आदरणीय सदस्य ओम बिड़ला द्वारा उठाया गया था। इस विÂषय पर सरकार का ध्यान बहुत जल्दी आकर्Âिषत करने की आवश्यकता है क्योंकि वहां जो कामगार हैं, उनके भूखों मरने की स्थति आ गई है और उनकी स्थिति बहुत खराब है।

HON. CHAIRPERSON:

S/Shri C.R. Chaudhary,

P.P. Chaudhary,

Bhairon Prasad Mishra and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Hariom Singh Rathore.